खास-खबरें

शिव पर विश्वास और भरोसा करने से जीवन में मिलती है उन्नति : पं. मिश्रा



नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरः जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित कुबेरेश्वरधाम में बुधवार को आस्था और भक्ति का विशेष माहौल देखने को मिला। उज्जैन से जबलपुर में आयोजित यज्ञ में शामिल होने जा रहे तीन दर्जन से अधिक विप्रजनों ने कुबेरेश्वरधाम पहुंचकर बाबा कुबेर भंडारी के दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में विठलेश सेवा समिति की ओर से हजारों श्रद्धालुओं के साथ विप्रजनों को भी भोजन प्रसादी वितरित की गई। समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, पंडित समीर शुक्ला सहित अन्य सदस्यों ने यज्ञ में शामिल होने जा रहे विप्रजनों का स्वागत-सम्मान किया। उज्जैन से आए दल में शामिल पंडित राजेश ने बताया कि वे सभी जबलपुर में आयोजित यज्ञ में शामिल होने के लिए जा रहे हैं। इसी दौरान कुबेरेश्वरधाम में दर्शन का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि कुबेरेश्वरधाम देशभर के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां आकर आध्यात्मिक आनंद और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव हुआ।

भाईदूज पर बहनों ने तिलक लगाकर की भाइयों की लंबी उम्र की कामना



नईदुनिया, प्रतिनिधि, बरेलीः भाई-बहन के अटूट प्रेम, विश्वास और स्नेह का प्रतीक भाईदूज का पर्व नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर आरती उतारी और मिठाई खिलाकर उनकी लंबी उम्र, सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। वहीं भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट कर जीवनभर उनकी रक्षा और साथ निभाने का संकल्प लिया। पर्व को लेकर घरों में उत्साह और उल्लास का माहौल रहा। परिवारों में भाई-बहनों का मिलन हुआ और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ त्योहार मनाया गया। दूर-दराज रहने वाले भाई-बहनों ने फोन और वीडियो कॉल के माध्यम से एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं।

हाईवे पर पोल शिफ्टिंग के दौरान फूटी पाइप लाइन, सड़क पर बहा पानी



नईदुनिया, प्रतिनिधि, शाजापुरः शहर के बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने के लिए चल रहे शहरी हाईवे का निर्माण कार्य वर्तमान में दुकानदारों के लिए असुविधा का कारण भी बना हुआ है। विकास की इस प्रक्रिया के बीच बुधवार को उस वक्त एक नई परेशानी खड़ी हो गई, जब बिजली के पोल शिफ्ट करते समय अचानक नगर पालिका की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। एक तरफ व्यापारी पहले से ही खुदाई और धूल से परेशान हैं, वहीं जलभराव की इस स्थिति ने उनकी मुश्किलें कुछ और बढ़ा दीं। जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत के समीप बिजली के पोल शिफ्ट करने का कार्य करवाया जा रहा है। इसी दौरान काम में लगी जेसीबी मशीन से पानी की लाइन फूट गई। देखते ही देखते सड़क पर पानी का तेज बहाव शुरू हो गया।

डीएपी के विकल्प के रूप में टीएसपी और यूरिया के उपयोग के लिए किसानों को कर रहे जागरूक

नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेनः जिले में रबी सीजन 2026 के लिए पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध हैं। कलेक्टर रोहित सिसोनिया के निर्देश पर कृषि विभाग द्वारा किसानों को उर्वरकों के संतुलित उपयोग के प्रति जागरूक किया जा रहा है। किसानों को डीएपी के विकल्प के रूप में टीएसपी और यूरिया के संयुक्त उपयोग की जानकारी दी जा रही है। उप संचालक कृषि केपी भगत ने बताया कि डीएपी की 50 किलोग्राम बोरी से 23 किलोग्राम फॉस्फोरस और 9 किलोग्राम नाइट्रोजन मिलती है। वहीं, टीएसपी की 50 किलोग्राम बोरी के साथ 20 किलोग्राम यूरिया उपयोग करने पर समान मात्रा में फॉस्फोरस और नाइट्रोजन प्राप्त होती है। इसके अतिरिक्त टीएसपी से 6 किलोग्राम सल्फर और 8 किलोग्राम कैल्शियम भी मिलता है।

उन्होंने किसानों से अपील की कि वे केवल डीएपी पर निर्भर न रहें, बल्कि मिट्टी परीक्षण और फसल की जरूरत के अनुसार उर्वरकों का उपयोग करें।

रायसेन में जमीन के नीचे मिला 18 दांतों वाला विशाल जबड़ा



मैमथ के जीवाश्म होने की आशंका से मची हलचल

नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेनः जिले में नर्मदा नदी के पतई घाट पर एक रहस्यमयी आकृति मिलने से इलाके में कौतूहल का माहौल है। पत्थर जैसी दिखाई देने वाली इस आकृति की बनावट किसी विशालकाय जीव के जबड़े जैसी है। इसमें एक तरफ 11 और दूसरी तरफ 7 दांत जैसी संरचनाएं दिखाई दे रही हैं। ग्रामीणों को आशंका है कि यह हजारों साल पुराने विलुप्त मैमथ हाथी के जबड़े का जीवाश्म हो सकता है। हालांकि, अभी तक इसकी वैज्ञानिक पुष्टि नहीं हुई है।

बच्चों को मिट्टी खोदते समय दिखाई दी आकृतिः जानकारी के अनुसार, मंगलवार 10 नवंबर की शाम कुछ बच्चे पतई घाट पर मिट्टी खोद रहे थे। इसी दौरान करीब डेढ़ फीट की गहराई पर उन्हें जमीन में दबी यह आकृति दिखाई दी। इसकी जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों का कहना है कि आकृति का काफी बड़ा हिस्सा अब भी जमीन के भीतर दबा हुआ है। आसपास पानी भरा होने के कारण इसे पूरी तरह बाहर नहीं निकाला जा सका।

प्रशासनिक अधिकारियों ने लिया जायजाः घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। कुछ ग्रामीण इसे प्राचीन जीव का अवशेष मान रहे हैं, जबकि कुछ लोगों ने इसे दैवीय स्वरूप समझकर पूजा-अर्चना भी शुरू कर दी। सूचना मिलने पर कलेक्टर रोहित सिसोनिया के निर्देश पर तहसीलदार और थाना प्रभारी घटनास्थल पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

15 साल पहले भी मिली थीं रहस्यमयी आकृतियाँः ग्रामीणों के मुताबिक, पतई घाट से करीब तीन किलोमीटर दूर लगभग 15 साल पहले डायनासोर के अंडों जैसी आकृतियां मिली थीं। अब नई आकृति मिलने से क्षेत्र में प्राचीन जीवों के अवशेष होने की संभावना को लेकर चर्चा तेज हो गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पुरातत्व, भूविज्ञान और जीवाश्म विज्ञान के विशेषज्ञों की टीम बुलाकर इसकी जांच कराने की मांग की है। वैज्ञानिक परीक्षण के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि यह वास्तव में किसी विलुप्त जीव का जीवाश्म है या कोई अन्य प्राकृतिक संरचना।

कचरे से उपयोगी उत्पाद बनाकर उज्जैन ने स्वच्छता सर्वेक्षण में देश में पाया पहला स्थान

3 से 10 लाख आबादी वाले शहरों की श्रेणी में मिला राष्ट्रीय पुरस्कार, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया सम्मानित

फूलों से अगरबत्ती और मलबे से बन रहे पेवर ब्लॉक



नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैन : बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन ने स्वच्छता के क्षेत्र में देशभर में अपनी अलग पहचान बनाई है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में 3 से 10 लाख आबादी वाले शहरों की श्रेणी में उज्जैन ने देश में पहला स्थान हासिल किया है। बुधवार को दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया। महापौर मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष कलावती यादव और निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने यह सम्मान प्राप्त किया।

उज्जैन की इस उपलब्धि के पीछे कचरे के निस्तारण के साथ उससे उपयोगी उत्पाद तैयार करने के नवाचारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। शहर में मंदिरों में चढ़ने वाले फूलों, घाटों पर छोड़े गए पुराने कपड़ों और निर्माण कार्यों के मलबे का उपयोग नए उत्पाद बनाने में किया जा रहा है।

फूलों से अगरबत्ती, कपड़ों से पेपर बैगः महाकाल, मंगलनाथ और कालभैरव मंदिरों में चढ़ाए जाने वाले फूलों से मंगलनाथ रोड स्थित तीन टन प्रतिदिन क्षमता वाले प्लांट में अगरबत्ती, धूपबत्ती और गुलाल तैयार किया जा रहा है। इसका संचालन शिव अर्पण स्व-सहायता समूह की महिलाएं कर रही हैं। इसी तरह घाटों पर छोड़े गए पुराने कपड़ों से डिपो चौराहा स्थित प्लांट में पेपर बैग बनाए जा रहे हैं। इसका संचालन सौम्या स्व-सहायता समूह कर रहा है। मक्सी रोड स्थित बायोमेथेनेशन प्लांट में सब्जी मंडी और बल्क वेस्ट जनरेटरों से मिलने वाले गीले कचरे से बिजली बनाई जा रही है। वहीं एमआर-5 रोड स्थित 100 टन प्रतिदिन क्षमता वाले प्लांट में निर्माण मलबे से पेवर ब्लॉक तैयार किए जा रहे हैं।

सफाई मित्रों के साथ मनाया जश्नः राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने की खबर उज्जैन पहुंचते ही नगर निगम में उत्साह का माहौल बन गया। निगम मुख्यालय में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और सफाई मित्रों ने ढोल-ताशों के साथ खुशी मनाई। सफाई मित्रों को मिठाई खिलाकर और पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया।

स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 5536 चालान बनाकर 24.40 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने इस उपलब्धि का श्रेय सफाई मित्रों, निगम कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों और शहरवासियों के सामूहिक प्रयासों को दिया। उज्जैन की यह सफलता कचरे के बेहतर प्रबंधन और उसके पुनः उपयोग की दिशा में किए गए प्रयासों को राष्ट्रीय पहचान दिलाती है।

54 वार्डों में तीन बार होती है सफाई

नगर निगम के अनुसार शहर के सभी 54 वार्डों में 96 वाहनों के माध्यम से घर-घर कचरा संग्रहण किया जाता है। गीला, सूखा, सेनेटरी और घरेलू हानिकारक कचरा अलग-अलग एकत्र किया जाता है। निगम का दावा है कि 95 प्रतिशत से अधिक कचरा पृथक रूप में प्राप्त हो रहा है। शहर में सुबह, दोपहर और रात तीन बार सफाई की व्यवस्था है। इसके अलावा गोंदिया और एमआर-5 डंपिंग साइट से 1.47 लाख मीट्रिक टन पुराने कचरे का निस्तारण कर वहां उद्यान विकसित किए गए हैं।

दांगी समाज संगठन ने की खाईखेड़ा से लापता लोगों को खोजने की मांग



नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः दांगी समाज अध्यक्ष बाबूलाल दांगी के नेतृत्व में बुधवार को समाज जनों ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। खाईखेड़ा से घरेलू सामान के साथ बीते दिनों लापता सुरेश दांगी राजेश दांगी ओमवती दांगी को तलाश ने की मांग को लेकर बाबूलाल दांगी के नेतृत्व में समाज जनों ने भोपाली फटाक से एसपी कार्यालय कलेक्टर कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला।

सेमरा दांगी के समाजसेवी विनय सिंह दांगी ने पुलिस प्रशासन को लापता लोगों को तलाशने के लिए 24 घंटे का टाइम दिया जिसके बाद दांगी समाज धरना प्रदर्शन करेगा। आम आदमी पार्टी के नेता केपी सिंह बघेल ने भी घटना को चिंता जनक बताया उन्होंने कहा कि पुलिस को प्रस्तुति के साथ खोजबीन करना चाहिए। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने हाथों में लापता लोगों की फोटो रखकर एएसपी प्रशांत चौबे और डिप्टी कलेक्टर किरण सिंह को ज्ञापन दिया इस दौरान एसपी कार्यालय में सीहोर एसडीओपी प्रेम नारायण भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि पुलिस के द्वारा लापता लोगों की लगातार खोजबीन की जा रही है जल्दी ही होने खोज लिया जाएगा। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में दांगी समाज के लोग शामिल रहे।

विद्यालय संरक्षक अग्रवाल को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः विद्यालय के संरक्षक मुन्नालाल अग्रवाल के निधन पर विद्यालय परिवार एवं प्रबंध समिति के सदस्यों द्वारा शोकसभा आयोजित की गई। इस दौरान उपस्थित सदस्यों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके योगदान को याद किया। शोकसभा में सभी ने मुन्नालाल अग्रवाल के निधन को विद्यालय परिवार के लिए अपूरणीय क्षति बताया। उपस्थित सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

नौलखी मंदिर में अन्नकूट महोत्सव की धूम 13 क्विंटल से अधिक प्रसादी का वितरण

नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः दीपावली के बाद शहर में अन्नकूट महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। बेतवा घाट स्थित श्री नौलखी आश्रम और स्टेशन रोड स्थित प्राचीन श्री नौलखी मंदिर में भगवान को अन्नकूट का भोग लगाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं आरती की गई। इस अवसर पर 13 क्विंटल से अधिक प्रसादी तैयार कर श्रद्धालुओं में वितरित की गई।

दोपहर में नौलखी आश्रम में महंत राम मनोहर दास जी महाराज ने गोवर्धन पूजन कर भगवान को अन्नकूट का भोग अर्पित किया। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। वहीं रात्रि में स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर में विशाल अन्नकूट महोत्सव आयोजित हुआ। भगवान की पूजा और आरती के बाद हजारों श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर प्रसादी ग्रहण की। श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला देर रात तक जारी रहा।

इस अवसर पर महंत राम मनोहर दास जी महाराज, विधायक हरि सिंह रघुवंशी, आचार्य पंडित केशव शास्त्री और नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने अपने हाथों से श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की।

मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की थी। इसी प्रसंग की स्मृति में गोवर्धन पूजा और अन्नकूट महोत्सव मनाया जाता है। इस दौरान भगवान को विभिन्न व्यंजनों का भोग लगाया जाता है। आयोजन के चलते मंदिर परिसर में दिनभर भक्तिमय वातावरण रहा। बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चों ने भगवान के दर्शन कर प्रसादी ग्रहण की।

राज्य स्तरीय अंडर-17 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए शुभ दीक्षित ग्वालियर रवाना

गंजबासौदा। नवांकुर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के होनहार विद्यार्थी शुभ दीक्षित का चयन अंडर-17 राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए हुआ है। प्रतियोगिता में सहभागिता करने के लिए शुभ दीक्षित ग्वालियर रवाना हो गए हैं।

उनके चयन से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। विद्यालय संचालक, प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक परिवार ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने शुभ दीक्षित और क्रीड़ा प्रभारी विजय शर्मा को प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विद्यालय प्रबंधन ने इसे विद्यार्थियों की खेल प्रतिभा और मेहनत का परिणाम बताते हुए शुभ दीक्षित की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया।

अंतिम समय में सीहोर बाइज ने आरएसआई को 2-1 से हराकर फाइनल में बनाई जगह



नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः जिला फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शहर के चर्च मैदान पर आयोजित सीनियर जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा।

कांटे की टक्कर में सीहोर बाइज की टीम ने शानदार वापसी करते हुए आरएसआई को 2-1 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश कर लिया। मुकाबले के अंतिम समय में सीहोर बाइज के खिलाड़ियों ने लगातार दो गोल दागकर मैच का रुख बदल दिया और अपनी टीम को जीत दिलाई। मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। मुकाबले में आरएसआई की ओर से नैतिक ने शानदार गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद सीहोर बाइज के खिलाड़ियों ने बराबरी के लिए लगातार प्रयास किए। मैच के अंतिम समय में प्रांजलि और मोहम्मद अयान ने बेहतरीन तालमेल और आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए एक-एक गोल किया। इन दो गोलों की बदौलत सीहोर बाइज ने 2-1 से मुकाबला अपने नाम कर लिया। अंतिम क्षणों तक चले इस संघर्षपूर्ण मुकाबले में खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने मैदान पर मौजूद खेल प्रेमियों को रोमांचित कर दिया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला गुरुवार को इछावर और आष्टा की टीमों के मध्य खेला जाएगा। बुधवार को सीहोर बाइज ने आरएसआई को हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। अब दूसरे सेमीफाइनल की विजेता टीम फाइनल में सीहोर बाइज से भिड़ेगी। प्रतियोगिता का खिताबी मुकाबला 13 नवंबर को खेला जाएगा।

दो साल तक फौती नामांतरण लंबित रखने पर पटवारी पर कार्रवाई, एक वेतनवृद्धि रोकी

नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेनः राजस्व प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर रोहित सिसोनिया के निर्देश पर पटवारी के खिलाफ कार्रवाई की गई है। दो साल तक फौती नामांतरण का प्रकरण लंबित रखने पर पटवारी लोकेश मेहरा की एक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने और परिवीक्षा अवधि एक वर्ष बढ़ाने के आदेश जारी किए गए हैं।

जानकारी के अनुसार, 1 नवंबर 2026 को ग्राम गजंदा में आयोजित शिविर में ग्राम सुनेटी निवासी गोकुल ने शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के बावजूद पटवारी हल्का नंबर-7, ग्राम समनापुर के पटवारी लोकेश मेहरा ने दो साल से फौती नामांतरण की कार्रवाई नहीं की।

मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर के निर्देश पर 2 नवंबर को पटवारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। प्रस्तुत स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाए जाने पर मध्यप्रदेश सिविल सेवा नियमों के तहत कार्रवाई की गई।

कलेक्टर सिसोनिया ने स्पष्ट किया कि आम नागरिकों के राजस्व प्रकरणों और शासकीय सेवाओं से जुड़े आवेदनों के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समय पर राहत देना प्रशासन की प्राथमिकता है। लापरवाही करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों पर नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

किसानों पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस ने फूँका सांसद का पुतला



नईदुनिया प्रतिनिधि, बरेलीः रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा द्वारा किसानों को लेकर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में किसान कांग्रेस ने पुराने बस स्टैंड पर पुतला दहन कर प्रदर्शन किया। किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष ठाकुर रंजीत सिंह रघुवंशी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सांसद के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध जताया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रघुवंशी ने कहा कि किसान देश का अन्नदाता है और उसके परिश्रम से अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। किसानों के प्रति इस तरह की टिप्पणी दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने सांसद से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने और नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए पद से इस्तीफा देने की मांग की।

जिला कांग्रेस महामंत्री भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि किसान खेती करने के साथ अपनी उपज बेचने के लिए भी संघर्ष करता है। ऐसे में किसानों के प्रति अपमानजनक बयान स्वीकार नहीं किया जा सकता। वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजीव पालीवाल ने भी टिप्पणी की निंदा करते हुए कहा कि किसानों के सम्मान की रक्षा के लिए कांग्रेस एकजुट है।

प्रदर्शन में राजीव पालीवाल, ठाकुर रंजीत सिंह रघुवंशी, भूपेंद्र सिंह चौधरी, कौशलेंद्र चौधरी, अफजल अली, शरद उपाध्याय, विजय राजौरे, मोहम्मद उबेश खान, नीलेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

स्पेशल खबर लंबित पेंशन प्रकरण एक सप्ताह में निराकृत करने के निर्देश, शिकायतकर्ताओं से सीधे फोन पर की चर्चा

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों में लापरवाही पर होगी कार्रवाई : कलेक्टर

नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेनः कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बुधवार को आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर रोहित सिसोनिया ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों सहित विभिन्न विभागों के कार्यों और शासकीय योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को शिकायतों का समय-सीमा में संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। शिकायतों की वास्तविक स्थिति जानने के लिए कलेक्टर ने स्वयं शिकायतकर्ताओं से मोबाइल पर चर्चा कर समस्याओं और अब तक की कार्रवाई की जानकारी ली।

इस दौरान स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत्त एक कर्मचारी ने बताया कि मई 2026 में सेवानिवृत्त होने के बावजूद उसकी पेंशन शुरू नहीं हुई है। जांच में प्रकरण लेखापाल के स्तर पर लंबित पाया गया। इस पर कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए सीएमएचओ को संबंधित लेखापाल का एक माह का वेतन रोकने के निर्देश दिए। साथ ही एक सप्ताह में पेंशन भुगतान की प्रक्रिया पूरी करने को कहा।

सेवानिवृत्ति से पहले जारी करें पीपीओः कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को लंबित पेंशन प्रकरण प्राथमिकता से



निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति से पहले पीपीओ जारी करने और अन्य स्वत्वों के भुगतान की प्रक्रिया पूरी की जाए। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानपूर्वक कार्यक्रम आयोजित कर पीपीओ वितरित किए जाएं। पीएम आवास योजना की किस्तों से संबंधित लंबित शिकायतों पर पीओ डूडा को वरिष्ठ कार्यालय से आवश्यक राशि की मांग करने के निर्देश दिए।

स्वास्थ्य संस्थाओं का होगा नियमित निरीक्षणः कलेक्टर ने स्वास्थ्य संस्थाओं में मरीजों के साथ विनम्र व्यवहार और बेहतर सेवाएं सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने जिला पंचायत सीईओ को राजस्व एवं अन्य विभागों के अधिकारियों की स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में निरीक्षण के लिए ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। अधिकारी प्रतिदिन व्यवस्थाओं का जायजा लेकर कमियों की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को देंगे।

पराली प्रबंधन और आयोजनों की तैयारियों की समीक्षाः बैठक में पराली नहीं जलाने के लिए किसानों को जागरूक करने और वैकल्पिक प्रबंधन के उपाय बताने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा मुख्यमंत्री जनविश्वास शिविरों, मंडीदीप में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित दौरे और सांची महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा की गई।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी, अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय सहित जिला अधिकारी और वीसी के माध्यम से एसडीएम एवं जनपद सीईओ उपस्थित रहे।